पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

प्रेस विज्ञप्ति

26 दिसंबर, 2023

पीएफसी को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत लेखों/वार्षिक रिपोर्ट के लिए एसएएफए गोल्ड अवार्ड मिला

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), एक महारत्न सीपीएसई और विद्युत क्षेत्र में देश की अग्रणी एनबीएफसी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 'सार्वजनिक क्षेत्र संस्थाओं की श्रेणी' में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत लेखों / वार्षिक रिपोर्ट पुरस्कार (बीपीए) में प्रतिष्ठित साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स (एसएएफए) गोल्ड अवॉर्ड जीता है। ।

पीएफसी को लेखांकन प्रथाओं में उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय ढांचे का पालन करते हुए उच्च-गुणवत्ता, प्रासंगिक, विश्वसनीय और उद्देश्यपूर्ण वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने और प्रकट करने में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, सीएमडी और अतिरिक्त प्रभार निदेशक (वित्त), पीएफसी, एसएएफए के उपाध्यक्ष श्री हेशाना कुरुप्पु से एसएएफए गोल्ड अवार्ड प्राप्त करते हुए।

एसएएफ़ए का गठन 1984 में दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अकाउंटेंसी पेशे की सेवा करने और अकाउंटेंसी की दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए किया गया था। यह अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव में ग्यारह व्यावसायिक लेखा निकायों का प्रतिनिधित्व करता है।

एसएएफ़ए बीपीए अवार्ड को दक्षिण एशिया का सबसे प्रतिष्ठित वित्तीय रिपोर्टिंग सम्मान माना जाता है। पीएफसी ने पिछले साल वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए एसएएफए गोल्ड जीता था, और वर्ष 1997 में इन पुरस्कारों की शुरुआत के बाद यह पहली बार है कि किसी भारतीय कंपनी ने लगातार दो वर्षों तक "सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं" की श्रेणी में 'गोल्ड' जीता है।

उल्लेखनीय है कि पीएफसी ने इससे पहले वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 'सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं' श्रेणी में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) गोल्ड अवार्ड जीता था।

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, सीएमडी और अतिरिक्त प्रभार निदेशक (वित्त), श्री संदीप कुमार, कार्यपालक निदेशक (वित्त), श्री आर के मल्होत्रा, कार्यपालक निदेशक (वित्त) और श्री मोहम्मद सलीम, वरिष्ठ महाप्रबंधक (वित्त) ने गाजियाबाद में आयोजित एक पुरस्कार वितरण समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

हस्ता/-
(एस. एस. राव)
मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)